# ग्राम पंचायत पद्दर, विकास खण्ड धर्मशाला जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176052 के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओ के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत पद्दर, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती इन्दू रानी | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

सचिव :–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष कुमार | 01.04.2023 से 31.12.2023 |
| 2 | श्री अमित कुमार | 01.01.2024 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री ओंकार दत्त | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री गोपाल कृष्ण | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत पद्दर के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषों में अन्तर पाया जाना | 0.90 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 34.24 |
| 3 | 6.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.22 |
| 4 | 6.2 | दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली शेष होना | 1.37 |
| 5 | 7.1 | विवाह पंजीकरण शुल्क वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.02 |
| 6 | 7.2 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.04 |
| 7 | 8.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.28 |
| 8 | 8.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 1.25 |
| 9 | 9 | अग्रिम राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | 0.82 |
| 10 | 10 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 9.15 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत पद्दर का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2014 से 31/03/2017 व 01/04/2021 से 31/03/2023 के लिये किया गया था, जिसके शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः—

**(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2014 से 31/03/2017 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | माँग व प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ संख्या 201 में पुष्टि उपरान्त |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 6 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 8 | अनिर्णीत | — |
| 6. | 9 | अनिर्णीत | — |
| 7. | 10 | अनिर्णीत | — |
| 8. | 11 | अनिर्णीत | — |
| 9. | 12 | अनिर्णीत | — |

**(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त |
| 2. | (4)(4.1) | अनिर्णीत | — |
| 3. | 4.2 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 4. | 4.3 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 4.4 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 6. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 7. | 6 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 8. | 7(क)(ख) | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 9. | 7(ग) | अनिर्णीत | — |
| 10. | 8.1,8.2 | अनिर्णीत | — |
| 11. | 9(क)(ख) | अनिर्णीत | — |
| 12. | 10 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 13. | 11 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | है। |
| 14. | 12 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |

## भाग–दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः–**

ग्राम पंचायत पद्दर के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 08.10.2024 से 21.10.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय–व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2023–24 | 03/2024 | 03/2024 |

**<u>अस्वीकरण (Disclaimer)</u>** :–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/494 दिनांक–21.10.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/469 दिनांकः–08.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023-24 | 901338.82 | 1307945.00 | 2209283.82 | 462591.00 | 1746692.82 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023-24 | 3394902.70 | 5120287.00 | 8515189.70 | 5091510.00 | 3423679.70 |

**कुल योग** (1+2) 1746692.82+3423679.70 **=5170372.52**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹51,70,372.52/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट—3**" के अनुसार अन्तशेष ₹52,60,628.87/—से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वित/एस.डी.आर.एफ | का•के•सह•बैंक चामुण्डा | 20012007980 | 1755443.17 |
| 2 | एम.एम.ए.जी.वाई | सी•बी•आई•चामुण्डा | 3662089134 | 6546.70 |
| 3 | 13वाँ वित्त | एच•डी•एफ•सी•बैंक नगरोटा बगवां | 50100028213337 | 184215 |
| 4 | 14वाँ वित्त | का•के•सह•बैंक चामुण्डा | 50068305616 | 0 |
| 5 | 14वाँ वित्त | आई•डी.•बी.आई.बैंक धर्मशाला | 11106104000045368 | 0 |
| 6 | 15वाँ वित्त/पी.एस/ | सी•बी•आई•चामुण्डा | 3849752885 | 3313920 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | जेड.पी | | | |
| | हस्तगत शेष | | | 504 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹5260628.87 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹5170352.72 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹5260628.87 |
| अन्तरः– | | | | ₹90276.15 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण राशि ₹0.90/– लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत पद्दर द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹90276.15 का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। उक्त अनियमितता से संबंधित आपत्ति को गत अंकेक्षण में भी विभाग द्वारा उठाया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, जोकि स्वतः आपत्तिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/479 दिनांकः–09.10.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–24 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र समाधान कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत पद्दर के बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे। अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः स्त्रोत, 5वां वित, एस.डी.आर.एफ व 15वां वित्तायोग, पी0एस0 तथा जैड0पी0 आदि शीर्षों के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध क्रमशः संयुक्त खाता संख्या 20012007980 व 3849752885 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते हैं। जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अंकेक्षण विभाग द्वारा बार–बार एक ही तरह की आपत्ति को उठाया जाना तथा ग्राम पंचायत द्वारा उसकी एवज में कोई ठोस कार्रवाई अमल में ना लाना ,ग्राम पंचायत की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/493 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 24 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि स्कीम वाईज खातों का अनुसंधारण कर दिया जायेगा, प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही का रख–रखाव न करने तथा स्कीम वाईज खातों का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ङ.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करना :–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2023–24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यों हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यों को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं। इस अनियमितता से सम्बन्धित आपत्ति को भी गत अंकेक्षण में विभाग द्वारा पैरा संख्या 4.4 के अंतर्गत उठाया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गईः–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक | बिल सं0मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित | 05/21.03.2024 | मस्ट्रोल सं–003354 | निर्माण नाली, लिंक रोड जीत कुमार और देवल के घर की ओर वार्ड–2 | 16118 |
| 2 | मनरेगा | निल/05.03.2024,18.03.24.27.03.24 | 8252,8253,8739,8740,8741,9392,9393 | निर्माण खेल मैदान गांव घिरथोली चरण एक वार्ड–6 | 75170 |
| 3 | मनरेगा | निल/05.03.2024,18.03.2024,27.03.202 | 8257,8258, 8259,8734,8735,9396,9397 | कूल्ह की खुदाई ढली कूल्ह से गगली की ओर वार्ड–5 | 82708 |
| 4 | मनरेगा | निल/05.03.2024,18.03.24,27.03.24 | 8313,8314,8319,8729,9398 | कूल्ह की खुदाई वाटर टैंक से विनोद कुमार की जमीन की ओर वार्ड–2 | 47885 |
| 5 | मनरेगा | निल/05.03.24/ | 8310–8312,8707–8709,8811,9402,940,9571 | निर्माण कच्चा रास्ता लिंक रोड से प्रीतम की जमीन की ओर वार्ड–7 | 108594 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानों से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपत्तिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/493 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–24 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाताबहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹34.24/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/469 दिनांकः–08.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹34,23,679.70/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | एम.एम.ए.जी.वाई | 31.03.2024 | 6546.70 |
| 2 | 13वाँ वित्त | 31.03.2024 | 180258.00 |
| 3 | 14वाँ वित्त | 31.03.2024 | -27045.00 |
| 4 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 3263920.00 |
| | | **कुल जोड़** | **3423679.70** |

उपरोक्त तथ्य एवं आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/480 दिनांक–09.10.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–24 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय कर लिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखांकन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 5.3 14वें वितायोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से राशि ₹0.27 लाख का अधिक व्यय करना :–

अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट 2** के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक निम्न तालिका में दर्शाए शीर्ष 14वां वित के अंतर्गत प्राप्त अनुदान की अपेक्षा ₹27045 का अधिक व्यय किया गया दर्शाया गया था,जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है:–

| क्र0सं0 | अनुदान | खाता संख्या | अधिक व्यय |
|---|---|---|---|
| 1. | 14वां वित | 50068305616 | 27045 |
| | | 11106104000045368 | |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/493 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया,जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 24 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक किये गए व्यय से संबंधित ब्यौरा आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा, प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः उपरोक्त अनुदान के अंतर्गत किये गये अधिक व्यय बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः—**

**6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹1.22 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत(Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/469 दिनांकः—08.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹122400/—** की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। क्योंकि अवधि 2023—24 के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी राशि की प्राप्ति नहीं की गई थी, जोकि ग्राम पंचायत द्वारा उपरोक्त नियम की पूर्णतः अवहेलना की गई है। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/481 दिनांकः—09.10.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—24 दिनांकः—21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा सम्पत्ति कर/गृहकर मांग व प्राप्ति रजिस्टर का भी संधारण कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए।

**दुकानों के किराये से आयः—**

**6.2 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹1.37/- लाख का वसूली हेतु शेष पाया जानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2024/471 दिनांकः—08.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार **दिनांक 31.03.2024 तक दुकानों के किराये की राशि ₹137130/— वसूली हेतु शेष थी।** इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था, जिसके अभाव में **दिनांक 31.03.2024 को** दुकान किराया वसूली हेतु शेष की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी। ग्राम पंचायत द्वारा इस किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई भी अमल में नहीं लाई गई थी, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित वसूली हेतु गम्भीर नहीं है। यदि पंचायत राजस्व बकाया इसी तरह बढ़ता रहा तो एक समय पर इसे वसूल कर पाना असम्भव हो सकता है।

अतः बकाया पंचायत राजस्व की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार कारगर कदम उठाये जायें एवं तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

**6.3 8 दुकानों के किरायेदारों के साथ किराया अनुबन्ध न करनाः—**

ग्राम पंचायतों के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने हेतु निदेशक एवं विशेष सचिव पंचायती राज विभाग हि0प्र0 के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच—एच सी (7) 10/80 दिनांक 17.09.2008 तथा 26.08.2022 के अन्तर्गत जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जानी अपेक्षित है। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2024/471 दिनांकः—08.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "6"** व पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 24 दिनाँक 21.10.2024 द्वारा अँकेक्षण के दौरान सूचित किया कि पँचायत द्वारा उक्त 8 दुकानों को किराये पर देते समय किरायेदारों के साथ किसी प्रकार का अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था फलस्वरूप भविष्य में पंचायत को किसी प्रकार की वैधानिक कठिनाई से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता है। यह बहुत ही गम्भीर अनियमितता है

तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पँचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

उपरोक्त अनियमितताओं के बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/482 दिनांकः 10.10.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पँचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 24 दिनाँक 21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि बकाया दुकान किराया राशि की वसूली कर ली जायेगी तथा वसूली उपरान्त इसे सभा निधि में जमा करवा दिया जएगा व इसके मांग व संग्रहण से संबंधित रजिस्टर का अनुसंधारण भी कर लिया जाएगा तथा 8 दुकानों के किरायेदारों के साथ अनुबन्ध नहीं किये गए है, उक्त अनियमितता को भी पुरा कर लिया जायेगा। प्रस्तुत स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सुझाव दिया जाता है कि पंचायत हितों को सुरक्षित करने के लिये समय–2 पर जारी आदेशों/निर्देशों अनुसार अपेक्षित कदम यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके किरायेदारों के साथ नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली में किसी भी प्रकार की दिक्कत न आये जिसकी अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 7.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹0.02/- लाख की वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद व 90 दिनों के भीतर ₹400(सामान्य श्रेणी ) से व ₹50 आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल श्रेणी से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

विवाह पंजीकरण शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण तथा पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार 05 विवाह पंजीकृत किये गये थे,जिस हेतु ₹200/400 की दर से कोई राशि नहीं वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹1800 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थे।

उक्त न वसूली गई राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/481 दिनांकः–09.10.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत पद्दर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 24 दिनाँक 21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली कर ली जायेगी तथा वसूली उपरान्त इसे सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके शीघ्र

अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.04/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/469 दिनांकः–08.10.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत पद्दर द्वारा वर्ष 2023–24 के दौरान ₹3600 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| **क्र0सं0** | **वित्तीय स्थिति** | **विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि** |
|---|---|---|
| 1 | 2023–24 | 3600 |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/481 दिनांकः–09.10.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत पद्दर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–24 दिनांकः–21.10.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.28/— लाख के स्टॉक का क्रय करना:—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत पद्दर के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "8"** के अनुसार ₹27500/— का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/485 दिनांकः—11.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—24 दिनांकः—21.10.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 8.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹1.25/— लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना:—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत पद्दर के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट—"8"** पर संकलित राशि ₹1,24,885/— के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका एवं किसी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/486 दिनांकः—11.10.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—24 दिनांकः—21.10.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा । प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9 अग्रिम भुगतान राशि ₹0.82/— लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जानाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म—9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करने उपरान्त किये गए अग्रिमों का वित्तीय वर्ष के अन्त में समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉर्पोरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार राशि ₹81603/— का अग्रिम प्रदान किया गया था, लेकिन 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया था, जोकि उपरोक्त नियम प्रावधान के प्रतिकूल होने के कारण आपत्तिजनक हैः—

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर/दिनांक/बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | निल/01.03.2024/43593 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | — | — | 67 |
| 2 | मनरेगा | निल/01.03.2024/375010, 375048 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | — | — | 248 |
| 3 | मनरेगा | निल/01.03.2024/43871 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | 200 | 402.29 | 80458 |
| 4 | मनरेगा | निल/01.03.2024/43872 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | — | — | 361 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | मनरेगा | निल / 01.03. 2024 / 375046 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | – | – | 141 |
| 6 | मनरेगा | निल / 01.03. 2024 / 375047 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | – | – | 7 |
| 7 | मनरेगा | निल / 01.03. 2024 / 375041 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन खनियारा | सीमेंट बैग | – | – | 321 |
| | | | | | | कुल जोड | **81603** |

